# मिस्र पैरा ताइक्वांडो चैंपियनशिप में अरुणा तंवर ने जीता सिल्वर मेडल

## चर्चा में क्यों?

16 फरवरी, 2023 को मीडिया सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मिस्र के काहिरा में 15-16 फरवरी को आयोजित इजिप्ट पैरा ताइक्वांडो चैंपियनशिप में हरियाणा की पैरा-ताइक्वांडो खिलाड़ी अरुणा तंवर ने सिल्वर मेडल जीता है।

## प्रमुख बिंदु

- हरियाणा के भिवानी ज़िले के दिनोद गाँव की 23वर्षीय पैरा-ताइक्वांडो खिलाड़ी अरुणा तंवर को इस चैंपियनशिप में ऑलओवर थर्ड महिला ट्रॉफी से भी नवाजा गया।
- इस जीत से अरुणा तंवर की वर्ल्ड रैंकिंग भी सुधरेगी, जिससे अरुणा के पेरिस पैरा ओलंपिक के रास्ते खुल पाएंगे। अरुणा का फिलहाल वर्ल्ड रैंकिंग में 13वाँ स्थान है।
- जानकारी के अनुसार मिस्र से लौटने के बाद वे वर्ल्ड चैंपियनशिप की तैयारी में जुट जाएंगी। अजरबैजान के शहर बाकू में अप्रैल-मई में वर्ल्ड चैंपियन का आयोजन किया जाएगा।
- गौरतलब है कि पैरा-ताइक्वांडो खिलाड़ी अरुणा तंवर 2020 टोक्यो पैरालंपिक के लिये क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय पैरा-ताइक्वांडो खिलाड़ी हैं।
- अरुणा के नाम पहले से अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के अनेक मेडल हैं।
- पिछले दिनों महाराष्ट्र के नासिक में हुई इंडिया ताइक्वांडो सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में उन्होंने गोल्ड मेडल जीता था।
- वर्ष 2021 के टोक्यो पैरालंपिक 2020 में देश का प्रतिनिधित्व किया।
- वर्ष 2019 में जॉर्डन में हुई अमान एशियन पैरा ताइक्वांडो चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल, मार्च 2019 में ईरान में हुई प्रेजीडेंट एशियन रीजन जी-टू कप में सिल्वर मेडल तथा फरवरी 2019 में टर्की में आयोजित वर्ल्ड पैरा-ताइक्वांडो चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता।
- वर्ष 2018-19 में छठी राष्ट्रीय पैरालंपिक ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल, वर्ष 2018 में वियतनाम में हुई चौथी एशियन पैरालंपिक ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीता।
- वर्ष 2017-18 में पाँचवी राष्ट्रीय पैरालंपिक ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/aruna-tanwar-won-silver-medal-in-egypt-para-taekwondo-championship